# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**20.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**मॉनसून सत्र**

संसद का मॉनसून सत्र कल से शुरू होने जा रहा है जो 21 अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें होंगी। केन्द्र सरकार ने मानसून सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में सरकार ने संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग का आग्रह किया। मॉनसून सत्र के दौरान जन विश्वास संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और मर्चेंट शिपिंग विधेयक सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होने की संभावना है।

**बिंदल**

प्रदेश में ग्रुप–ए से लेकर ग्रुप–सी तक की नई भर्तियों को ट्रेनी के रूप में करने के फैसले को भाजपा ने युवाओं के साथ बड़ा धोखा करार दिया है। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने पक्की नौकरी देने के झूठे वायदे किए थे लेकिन सरकार इसे पूरा नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बेरोज़गारों का मज़ाक बना कर रख दिया है।

मण्डी ज़िले में आई आपदा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 20 दिन बाद भी सिराज विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं बहाल नहीं कर पाई है।

**केंद्रीय टीम**

प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायज़ा लेने के लिए एक केंद्रीय टीम मण्डी ज़िले के तीन दिवसीय दौरे पर है। इस दल ने कल देर शाम मण्डी में ज़िला प्रशासन व विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की और आपदा में हुए नुकसान सहित राहत व पुनर्वास कार्यों पर चर्चा की। इस आपदा में मण्डी ज़िले में आरंभिक तौर पर सार्वजनिक व निजी संपत्ति को 7 सौ करोड़ रूपए से अधिक का नुकसान आंका गया है। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के उपसचिव कंदर्प वी. पटेल ने कहा कि केन्द्रीय दल आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जाकर वस्तुस्थिति का जायज़ा ले रहा है। उन्होंने कहा कि दल के समक्ष आरंभिक तौर पर नुकसान से संबंधित ज्ञापन प्राप्त हुए हैं जिन पर पूरी तत्परता और सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

**मौसम**

प्रदेश के अनेक भागों में पिछले 24 घण्टों से रूक–रूक कर मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी है जबकि कुछ स्थानों पर बादल छाए हुए हैं। राज्य में अब तक वर्षा से जुड़ी घटनाओं में एक सौ 19 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 34 लोग लापता हैं। प्रदेशभर में भूस्खलन से एक सौ 46 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं, जबकि 28 बिजली लाईनें और 58 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं।

शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि कल 21 और 22 जुलाई को सोलन, शिमला, मंडी, सिरमौर और कांगड़ा ज़िले में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## शिक्षा

राज्य सरकार स्कूल शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी मॉडल डे–बोर्डिंग स्कूल स्थापित कर रही है। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, पुस्तकालय और खेल सुविधाओं सहित अन्य आधुनिक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। कांगड़ा और हमीरपुर ज़िलों में इन स्कूलों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार इसके अलावा प्रदेश में 8 सौ 50 से अधिक स्कूलों को एक्सीलेंस का दर्जा दिया गया है। इन स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक, बेहतर भवन, प्रयोगशालाएं और अन्य ज़रूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। प्रवक्ता ने बताया कि सरकार के प्रयासों से हिमाचल के बच्चों की पढ़ने की क्षमता पूरे देश में बेहतर आंकी गई है।